जनपद न्यायालय, औरैया

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीवानी न्यायालय, औरैया के कम्प्यूटर अनुभाग के निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर उपकरणों की नीलामी दिनांक 07/12/2022 को समय सांय 4:00 बजे से जनपद न्यायालय औरैया के कान्फ्रेंसिंग कक्ष में नीलामी समिति के द्वारा की जायेगी।

नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति नियमों एवं शर्तों की जानकारी दीवानी न्यायालय, औरैया के नोटिस बोर्ड, नजारत कार्यालय अथवा न्यायालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

सभी प्रकार से भरे हुए आवेदन पत्र मय धरोहर धनराशि के ड्राफ्ट सहित दिनांक 06/12/2022 तक नजारत कार्यालय में सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करा दिये जाये। इसके पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

किसी भी बोली को स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को होगा। इस नोटिस को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाये एवं इसकी सूचना न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाये ।

30-11-2022

(मनराज सिंह)
अध्यक्ष- नीलामी समिति,
जनपद न्यायालय, औरैया

प्रतिलिपि प्रेषितः-

1. प्रति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
2. प्रति कम्प्यूटर अनुभाग को न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
3. प्रति राष्ट्रीय सूचना केन्द्र औरैया के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
4. प्रति जिलाधिकारी औरैया के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु ।
5. प्रति जिला सूचना अधिकारी को प्रसार किये जाने हेतु ।

Sr. No.	Name of Computer Hardware	Quantitiy
1.	Rack Mount Server	2
2.	Flat 17" TFT Monitor with Keyboard & Mouse	1
3.	Slim Client PC (linux) Set	9
4.	Thin Clients Set	27
5.	Laser Jet Printer (HP 1008)	9
6.	24 Pin 136 col. Dot matrix Printer	9
7.	Scanner	1
8.	Portable Projector	1
9.	250 GB USB HDD	1
10.	4 GB Pen Drive	27
11.	2 KVA online UPS with Batteries	1
12.	500 VA line-interactive UPS with Batteries	9
13.	HP 88A Used Cartridge	251

जनपद न्यायालय, औरैया

नीलामी के नियम व शर्ते

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय औरैया के कम्प्यूटर अनुभाग के निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर उपकरणों की नीलामी दिनांक 07.12.2022 दिन बुधवार को नियत की गयी है, जो कि उक्त दिवस को जनपद न्यायालय, औरैया के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में समय सायं 04:00 से सम्पन्न की जायेगी। इस नीलामी की प्रमुख शर्ते निम्नलिखित है-

1- उक्त कम्प्यूटर अनुभाग के निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर उपकरणों की नीलामी हेतु न्यूनतम धनराशि 10,000.00 रुपये निर्धारित की गयी है।

2- नीलामी के लिए आवेदन फार्म मु0 50/- रूपये का भुगतान कर नजारत कार्यालय दिनांक 06.12.2022 तक प्राप्त किये जा सकते है।

3- नीलामी हेतु आवेदनकर्ता को मु0 1,000/- रूपये का बैंक ड्राफ्ट जिला जज, औरैया के नाम से बनवाकर / नगद प्रतिभूति के रूप में आवेदन फार्म के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

4- सभी प्रकार से भरे हुए आवेदन पत्र मय प्रतिभूति धनराशि नजारत कार्यालय में दिनाक 06.12.2022 को सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करा दिये जाये। इस तिथि के पश्चात कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

5- नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना निवास प्रमाण पत्र अपने राशन कार्ड आधार संख्या व पासपोर्ट साईज का फोटो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा इसम संबन्धित मूल प्रपत्र भी मिलान के लिये दिखाना होगा। इन प्रपत्रों के अभाव में किसी व्यक्ति की नीलामी में भाग लेने का अधिकार नही होगा।

6- नीलामी की अंतिम बोली स्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश औरैया को होगा। माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा बिना कारण बताये व विशेष परिस्थितियां में उच्चतम बोली को भी अस्वीकार किया जा सकता है।

7- किसी भी दशा में नीलामी राशि निर्धारित न्यूनतम धनराशि से कम स्वीकार नहीं की जायेगी।

8- नीलामी प्राप्त करने वाले को अंतिम रूप से स्वीकृत सम्पूर्ण धनराशि नगद या चेक के माध्यम से उसी तिथि अथवा अगले कार्यदिवस में नजारत कार्यालय में जमा करनी होगी।

9- नीलामी प्राप्त कर्ता को कम्प्यूटर उपकरणों को हटाने के लिए नीलामी सम्पन्न होने के दूसरे तिथि से अधिकतम एक सप्ताह का समय प्रदान किया जायेगा।

Diwakar 30/11/22	30/11/22	30-11-2022
(दिवाकर कुमार)	(सुनील कुमार सिंह-III)	(मनराज सिंह)
सिविल जज सी०डि०	अपर जिला जज/एफ०टी०सी०-I	विशेष न्यायाधीश, पाक्सो एक्ट
सदस्य, नीलामी समिति	सदस्य, नीलामी समिति	अध्यक्ष, नीलामी समिति
जनपद न्यायालय औरैया	जनपद न्यायालय औरैया	जनपद न्यायालय औरैया

<u>नीलामी आवेदन प्रारूप</u>

(फार्म शुल्क रुपये 50/- मात्र)

आवेदक का फोटो

आवेदक का नाम - ....

आवेदक का पता - ....

..

आवेदक का मोबइल नम्बर - | | | | | | | | | | |

नीलामी हेतु न्यूनतम धनराशि रुपये 1,000/- द्वाराः- 1. बैंक ड्राफ्ट ☐ 2. नगद ☐

आवेदक के प्रमाण पत्र का प्रकारः-

1. निवास प्रमाण पत्र ☐
2. राशन कार्ड ☐
3. आधार कार्ड ☐
4. अन्य ☐

टिप्पणीः-..

स्थानः-.................... **आवेदक का नाम...**

दिनांकः-.................. **आवेदक के हस्ताक्षर....................................**